प्रेषक,

प्रभारी अधिकारी–अर्जन
लखनऊ विकास प्राधिकरण,
लखनऊ।

सेवा में,

अपर जिलाधिकारी–भू0अ0
नगर महापालिका–प्रथम
लखनऊ।

पत्रांकः 2173 / ए.सी. / प्र. / 2026 दिनांकः 30.03.2026

विषयः–**ग्राम–भरवारा, तहसील व जिला–लखनऊ की अर्जित खसरा संख्या–556 पर लखनऊ विकास प्राधिकरण का नाम दर्ज किये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय / महोदया

कृपया उपर्युक्त विषयक का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। इस संबंध में अवगत कराना है कि ग्राम भरवारा, लखनऊ की भूमि खसरा संख्या–556 रकबा 0–18–17–0 बीघा भूमि का अधिग्रहण उजरियांव आवासीय योजना भाग–2 के अन्तर्गत वर्ष 1984 में किया जा चुका है, जिसकी भूमि अध्याप्ति अधिनियम की धारा 4/17 व 6/17 की विज्ञप्ति का प्रकाशन दिनांक 08.12.1984 को शासन द्वारा जारी किया गया है। विशेष भूमि अध्यिाप्ति अधिकारी द्वारा भूमि का कब्जा प्राधिकरण को हस्तांतरित करते हुए दिनांक 25.02.1987 को अभिनिर्णय घोषित किया जा चुका है। इस प्रकार अर्जन की समस्त कार्यवाही पूर्ण होने के उपरान्त भूमि का स्वामित्व राज्य सरकार / ल0वि0प्रा0 में निहित हो चुका है। भूमि अध्याप्ति कार्यालय द्वारा घोषित अभिनिर्णय में निम्नवत अंकित है :–

"खाता संख्या–526 खसरा संख्या–556/0–18–17 बीघा भूमि पर गंगाबक्श सिंह, राम कृपाल सिंह, वीरेन्द्र कुमार सिंह पुत्रगण शिवदुलारे सिंह, प्रताप सिंह वयस्क, ओंकार सिंह अवयस्क, श्याम सिंह अवयस्क, शिवराज सिंह अवयस्क पुत्रगण शिव रतन सिंह सं0 श्रीमती करूणा कुमारी (माता) पौत्र मृतक ग्रा0वा0 का नाम ग्राम अभिलेखों में बतौर श्रेणी–2 सीरदार अंकित है।"...

वर्तमान राजस्व खतौनी में खाता संख्या–00109 खसरा संख्या–556 क्षे0–0.2380 हे0 भूमि पर गंगाबक्श सिंह, राम कृपाल सिंह, बीरेन्द्र सिंह, प्रताप सिंह, ओंकार सिंह, श्याम सिंह, शिवराज सिंह पुत्रगण शिव रतन सिंह नि0ग्राम का नाम दर्ज है।

अतः उपरोक्तानुसार ग्राम–भरवारा, लखनऊ की अर्जित भूमि खसरा संख्या–556 पर लखनऊ विकास प्राधिकरण का नाम दर्ज कराते हुए कृत कार्यवाही से इस कार्यालय को भी अवगत कराने का क कष्ट करें।

भवदीय,

(विपिन कुमार शिवहरे)
प्रभारी अधिकारी–अर्जन

प्रतिलिपिः–

1. उपाध्यक्ष / सचिव महोदय को सादर अवलोकनार्थ।
2. उप जिलाधिकारी, तहसील व जिला लखनऊ की उपर्युक्त भूमि पर लखनऊ विकास प्राधिकरण का नाम दर्ज कराने का कष्ट करें।

30/3/26

(विपिन कुमार शिवहरे)
प्रभारी अधिकारी–अर्जन